Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 24-04-2023 | अंक 549

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### कोडरमा पुलिस का वाहन दुर्घटनाग्रस्त चालक गंभीर, रांची रेफर



**अपेम लाइव चंदवारा**

कोडरमा चंदवारा मुख्य मार्ग रांची पटना गौरी नदी उरवा पुल के समीप झारखंड पुलिस का वाहन वा कंटेनर गाड़ी का आमने सामने से टक्कर हो गया जिसमें पुलिस वाहन में चालक चंदन सिंह उम्र लगभग 35 वर्ष वा उनके दो अन्य साथी इस सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस वाहन उरवा एक निजी होटल से भोजन करके निकल रही थी जहां तिलैया की ओर से आ रही गाड़ी संख्या उपी 53थ्ज 2690 कि सीधी टक्कर हो गई जिसमें दोनों वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गए तथा उक्त घटना का सूचना पा कर चंदवारा थाना प्रभारी अपने सहयोगियों दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों का इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया जहाँ मामला गंभीर बताया गया तथा बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया है आए दिन जिस प्रकार से सड़क दुर्घटनाएं हो रही है उसमें सड़क कार्य में हो रही घोर लापरवाही का परिणाम देखने को मिल रहा है क्योंकि यह घटना एक ही लाइन में आवागमन होने को लेकर हुआ है आए दिन इस प्रकार के सैकड़ों घटनाएं घट रही है वरीय पदाधिक. ारी गंभीरता को लेकर रोड कंस्ट्रक्शन के अधिकारी से वार्ता कर अविलंब दोनों लाइन को चालू किया जाए जिससे इस प्रकार की दुर्घटनाएं कम हो।

### पूर्व मुखिया पर भूमि कब्जा का आरोप, पहुंची पुलिस



**अपेम लाइवः चौपारण**

प्रखंड के पंचायत बेला के ग्राम अकुरहवा में पूर्व मुखिया मुरली प्रसाद दांगी पर जबरन भूमि कब्जा का आरोप गांव के सरस्वती देवी में लगाई। पुलिस को लिखित शिकायत किया गया। शिकायत पर स्थानीय पुलिस घटना स्थल पहुंच कर मामले को शांत किया। भूमि कब्जा के संबंध में सरस्वती देवी ने कहा कि मेरे पास उक्त भूमि का केवला है। 1996 में गोविंद सिंह से डीड लिया गया है। पीड़ित महिला ने जिप सदस्य रविशंकर अकेला, स्थानीय मुखिया ममता कुमारी से भी शिकायत किया हूं। इधर पूर्व मुखिया मुरली प्रसाद दांगी ने कहा कि 40 वर्ष पूर्व में पिता स्व लीलो महतो गोविंद सिंह पिता माधो सिंह से बदलैन की भूमि है। जिसका प्रमाण भी है। कहा 27 वर्ष बाद सरस्वती देवी उक्त भूमि का केवला दिखा रही है।

## बरही : तीर्थयात्रियों से भरी बस पलटी तीस घायल, पांच रेफर







**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत करियातपुर के नजदीक 55 तीर्थयात्रियों से भरी बस डब्लूबी 41ÿ 6566 अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमे 26 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में करीब 55 यात्री सवार थे जो पश्चिम बंगाल से दिल्ली, हरिद्वार, गया काशी, आगरा एवं वृंदावन सहित कई जगहों पर जा रहे थे। घायलों में निर्मल रविदास उम्र 60 वर्ष, कर्णधार विश्वास उम्र 61 वर्ष, विमल गायन उम्र 58 वर्ष, नीलिमा गायन उम्र 50 वर्ष, रंजू विश्वास उम्र 60 वर्ष, डोली विश्वास उम्र 50 वर्ष, अष्टमी हलदार उम्र 74 वर्ष, जयंती देवनाथ उम्र 40 वर्ष, जया देवरी 47 वर्ष, गोरख नाथ उम्र 47 वर्ष, अनिता गांगुली उम्र 55 वर्ष, शिखा सैन उम्र 48 वर्ष, विष्णुपद गांगुली उम्र 54 वर्ष, सुनीता बरोही उम्र 55 वर्ष, अनिता विश्वास उम्र 58 वर्ष, मनोज गांगुली उम्र 53 वर्ष, ममता गांगुली उम्र 50 वर्ष एवं सपन सरकार उम्र 53 वर्ष सहित कई अन्य शामिल है। प्राप्त जानकारी ने अनुसार सभी एक ही परिवार के सदस्य थे जो सभी तीर्थयात्रा पर निकले हुए थे। बस पलटने पर यात्रियों में चीख पुकार मच गया। जिससे ग्रामीणों की भीड़ लग गई। वहीं इस बात की सूचना ग्रामीणों ने बरही थाना को दी जहां बरही प्रशासन घटनास्थल पर पहुंचकर आस पास के ग्रामीणों एवं बरही प्रशासन के सहयोग से बस में फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला। साथ ही सभी घायलों को 108 के मदद से सभी घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी स्वयं अस्पताल पहुंचकर अपनी निगरानी में मरीजों का उपचार किया। और इस घटना में गंभीर राय से घायल हुए पांच घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## बी.डी.ओ ने पीएम आवास योजना के लाभूको के साथ किया चौपाल का आयोजन

### पैसे लेकर आवास नहीं बनाने वाले लाभुकों को रिकवरी के लिए बैठाया पुलिस गाड़ी में

### एक सप्ताह में कार्य करने के शर्त में छोड़ा गया

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**





कान्हाचट्टी : प्रधानमंत्री आवास योजना निर्माण में देरी होने के कारण कान्हाचट्टी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो लगातार आवास निर्माण को लेकर विभिन्न पंचायतों में जा जाकर लाभुकों के साथ बैठक कर आवास जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं ।कही सुबह का चौपाल तो कहीं संध्या चौपाल का आयोजन कर लाभुको को यथाशीघ्र आवास पूर्ण करने का निर्देश भी दे रहे हैं ।इसी कड़ी में बी डी ओ हुलास महतो ने कोल्हैया पंचायत के कोटाप गांव के विद्यालय परिसर में प्रधानमंत्री आवास योजनाबके लाभुकों के साथ बैठक किया ।और बैठक के लाभूको से उन्होंने कहा कि जो लाभुक आवास निर्माण के राशि लेकर आवास का निर्माण नहीं कर रहे हैं उनको सरकारी लाभ से वंचित करते हुए सरकारी राशि की रिकवरी के लिए मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि कोटाप में सोमवार को लगाए गए चौपाल में कई ऐसे लाभुक थे जो कई वर्ष से प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि लेकर आवास का निर्माण नहीं करा रहे थे ।जिन्हें सरकारी राशि को रिकवरी के ख्याल से चार पांच लाभुकों को पुलिस गाड़ी में बैठाकर जैसे ही थाना की गाड़ी चली वैसे ही ग्रामीणों ने करार किया कि एक सप्ताह के अंदर काम को कर देंगे। इसके बाद ग्रामीणों के आग्रह पर बी डी ओ एवं थाना ने लाभुकों को एक सप्ताह के अंदर कार्य करने के शर्त पर छोड़ा गया ।इधर बी डी ओ श्री महतो ने कहा कि जो भी लाभूक सरकारी राशि लेकर ये सोच रहे हैं कि सरकार हमे खाने के लिए पैसे दी है वो भूल कर रहे हैं ।वैसे लाभुक जो आवास की राशि लेकर काम नहीं करेंगे उन्हें जल्द ही सलाखों के पीछे भी जाना पड़ेगा ।जिन लाभुकों को बैठाया गया उनमें जोधी सिंह,पूरण सिंह,सीताराम सिंह,कोमल यादव, ग्राम कोटाप का नाम शामिल है। मौके पर बी डी ओ हुलास महतो के अलावा थाना के सबइंस. पेक्टर नंदन सिंह,पंचायत सचिव नवीन तिर्की सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सीआरपीएफ 11 बटालियन ने दैनिक उपयोग की वस्तुएँ का किया वितरण

**अपेम लाइव : लातेहार**
**उमेश यादव**




गारू/लातेहार : सीआरपीएफ कमानडेंट 11 बटालियन वेदप्रकाश त्रिपाठी के निर्देशन मे सोमवार को सिविक एक्शन के तहत दैनिक उपयोग की वस्तुएं का वितरण किया गया। कार्यक्रम में फसलों के बीजो का भी ग्रामीणों के मध्य वितरण किया गया ।इस कार्यक्रम में गारू क्षेत्र के ग्राम बेहराटोली, लूहूरटांड़, धागरटोला, पुरानी अरमु, भंवरबंधा आदि गाँव के ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम मे हिस्सा लिया ।वहीँ ग्रामीणो ने सीआरपीएफ के इस कार्यक्रम की सराहना किया तथा यथासम्भव साथ निभाने का वादा किया ।इस अवसर पर बी / 11बटा के सहायक कमाण्डेन्ट चन्द्रशेखर कुशवाहा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन का मुख्य उददेशय सुरक्षाबल एवम आम जनता के बीच सोहार्द पुर्ण सम्बन्ध स्थापित करना है। श्री कुशवाहा ने ये भी कहा की इस तरह के जनकल्याणकारी योजनाओं का मुख्य उददेश समाज के युवाओं एवम कमजोर पक्षों को विकसित करना समाज से जोड़ना एवम जनता की मदद करना है। जिससे की आम जनता अधिक से अधिक लाभान्वित हो और समाज की मुख्यधारा से जुड़े रहकर अपना जीवन यापन कर सके कार्यक्रम के बारें में बताते हुए उन्होने कहा की इससे पहले भी 11 बटालियन सी.आर.पी.एफ द्वारा ऐसी कल्याणकारी योजनाओं का आयोजन किया जा चुका है जिसके अन्तर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, कम्बल, खेलकुद सामग्री आदि का वितरण किए गए है। इसके अतिरिक्त ड्राईविंग कोर्स, कम्प्युटर कोर्स, सिलाई कोर्स एवम देशभक्ति के चलचित्रों (फिल्म) आदि का आयोजन भी किया जा चुका है और आगे भी 11 बटालियन के सीआरपीएफ द्वारा विभिन्न प्रकार के जन कल्याणकारी कार्यक्रम चलाएँ जाने की योजनाए है। उन्होने यह भी आशा व्यक्त किया की ऐसे जनकल्याणकारी योजनाओं का आयोजन भविष्य में सी.आर.पी.एफ द्वारा किया जाता रहेंगा । इस अवसर पर निरीक्षक–असित कुमार तिवारी चेतराम मीणा, प्रभा देवी मुखिया,सकलदिप उरांव उपमुखिया एवम कम्पनी के जवान एवम ग्रामीण उपस्थित थे ।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## भू मापक अमीन प्रशिक्षण पूरा करने पर 52 प्रशिक्षुओं को दिया गया प्रमाण पत्र





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

सर्व शिक्षण संस्थान के तत्वाधान में बरही में पिछले कई महीनों से चल रहे भू मापक अमीन प्रशिक्षण सम्पन्न होने पर सोमवार को सभी 52 प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख मनोज रजक एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू शामिल हुए। वहीं इस कार्यक्रम में शामिल प्रमुख मनोज रजक ने प्रमाण पत्र देकर सभी प्रशिक्षुओं का हौसला अफजाई करते हुए उज्ज्वल भविष्य का कामना किया। साथ ही साथ उन्होंने कहा की अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से रोजगार का एक बढ़िया अवसर देने का सराहनीय कार्य संस्थान के द्वारा किया गया है। इस क्षेत्र में भू मापक अमीन के काफी कमी थी समय पर लोगों को अमीन नही मिलता था। मौके पर बेंदगी पंसस प्रतिनिधि झमन यादव एवं प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र शर्मा सहित सभी छात्र मौजूद थे। वहीं भू मापक प्रमाण पत्र प्राप्त करने वालो में अजय कुमार दास, अजय कुमार, अशोक कुमार यादव, अमित कुमार राणा, अजमेरी खातून, चार्ली कुमार, छत्रधारी ठाकुर, दिगंबर सिंह, ज्ञानचंद कुमार, जगदीश रजक, जितेंद्र कुमार साव, खिरोधर साव, मोजिम अंसारी, मुकेश कुमार, पंकज कुमार गुप्ता एवं पवन कुमार पांडेय शामिल है।

## बिरनी के दुमुरुवा गांव में दो सगे के घर का ताला तोड़कर तीन लाख की सम्पति उड़ा ले गया चोर

**अपेम लाइव : बिरनी**




बिरनी थाना क्षेत्र के दुमुरुवा गांव के शिवनारायण वर्मा व उसका सगे भाई बनवारी वर्मा के घर से बीते देर रात अज्ञात चोरों ने घर ताला तोड़कर घर मे रखे लगभग तीन लाख रुपये का सम्पत्ति ले गया जिसमें नगद व जेवर सामिल है ।इस घटना के सम्बंध में भुक्तभोगी परिवार के शिवनारायण वर्मा व बनवारी वर्मा ने बताया कि बीते रात हमलोग सोये हुवे थे और जिस कमरे में चोरी हुई है उसमें बाहर से ताला बंद था अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर बक्से में रखे एक लाख पचहत्तर हजार नगद व जेवर की चोरी कर लिया जेवर में पायल सिकड़ी नकचन कानबाली टॉप्स व चेन सामिल है जिसका लागत लगभग लाखो में था ।साथ ही उन्होंने बताया कि चोर घर मे घुसते ही सोये हुवे लोगो के कमरे का बाहर से सिकड़ी लगा दिया और घटना का अंजाम दिया है जब घर वालो को इस घटना की जानकारी मिली और हो हल्ला किया तो चोर भागा ।इस घटना की जानकारी बिरनी पुलिस को दे दी गई है पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गई रामधारी सिंह दिनकर की पुण्यतिथि

### क्रांतिकारी कवि थे रामधारी सिंह दिनकर : रोहित सिंह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को महान राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पुण्यतिथि पर विद्यालय निदेशक सह प्राचार्य रोहित सिंह, विद्यालय के शिक्षकों व विद्यार्थियों के द्वारा उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही उनकी पुण्यतिथि पर बच्चों के बीच निबंध, लेखन व कविता गायन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नवमी एवं दसवीं के छात्र – छात्राओं ने भाग लिया। साथ ही उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि वह एक बहु–प्रतिभाशाली व्यक्तित्व थे । जिनकी नई चीजें सीखने की बहुत इच्छा थी। साहित्य और राष्ट्रीय–सांस्कृतिक काव्यधारा के अग्रदूत रामधारी सिंह दिनकर बहुमुखी प्रतिभाके समृद्ध लेखक श्रेष्ठ आलोचक, तटस्थ, इतिहासकार, कुशल निबंधकार एवं चिंतनशील लोकप्रिय कवि के रूप में समादृत हैं। आज एक ऐसा दिन है जब हम अपने देश के महानतम कवियों में से एक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। और निश्चित रूप से आने वाले कई लोगों के लिए राष्ट्रवाद की भावना को परिभाषित करने वाले – रामधारी सिंह दिनकर उनका योगदान अविस्मरणीय है।राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' ने हिंदी साहित्य में न सिर्फ वीर रस के काव्य को एक नई ऊंचाई दी, बल्कि अपनी रचनाओं के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना का भी सृजन किया। रचना देश प्रेम से ओतप्रोत थी। दिनकर सच्चे अर्थों में दीन हीन, शोषित और वंचितो के कवि थे। यहां तक कि भारतीय साहित्य में उनके महान योगदान के लिए उन्हें ज्ञानपीठ और पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत उनकी कविता युगों–युगों तक सभी देशवासियों को प्रेरणा देती रहेगी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद थे।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर धनवार पंचायत में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने सम्मान समारोह का किया आयोजन, बीडीओ हुई शामिल







**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर धनवार पंचायत अंतर्गत उपमुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्यों समेत प्रखण्ड के पत्रकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया राजेन्द्र प्रसाद एवं संचालन ब्रह्मदेव यादव ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदावर शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बैंक अ०फ इंडिया करियातपुर के मैनेजर अविनाश आनंद, पूर्व प्रमुख रामसहाय महतो, पूर्व शिक्षक जागेश्वर प्रसाद, गाजो यादव, बैजनाथ यादव, मुखिया प्रतिनिधि ममता देवी, पंचायत समिति सदस्य संतोषी कुमारी, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, पंचायत सेवक समीर रंजन, रोजगार सेवक रामेश्वर जी, राजस्व कर्मचारी त्रिलोकी दास, जनसेवक उपेंद्र कुमार मुख्य रूप से उपस्थित हुए। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि देश की 70 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती हैं। भारत की आत्मा गांवों में बसी है। गांव का विकास होगा, तभी देश का विकास होगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सोच के अनुरूप पंचायतीराज व्यवस्था बनायी गई है, इस व्यवस्था को सफल बनाने में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ साथ पदाधिकारियों का समन्वय काफी जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान मुखिया राजेन्द्र प्रसाद व बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने घोषणा किया कि दो माह के अंदर पंचायत भवन का निर्माण कर लिया जाएगा, जिसके बाद सभी बैठक पंचायत भवन में ही किया जाएगा। मौके पर प्रधानाध्यापिका मीणा कुमारी, वार्ड सदस्य रूपमणि देवी, रवीना खातून, मेहरून खातून, मो मंजूर, लक्ष्मी कुमारी, अर्चना कुमारी, मानती कुमारी, गुड़िया देवी, मो हसमत, बसंती देवी, आई. पीआरपी संजू कुमारी, सीसी सुषमा कुमारी, सक्रिय सदस्य आशा देवी, कविता देवी, मोनिका कुमारी, रोकैया खातून, ग्राम संगठन के संगीता देवी, फरहाद जहां, वीओए ममता कुमारी, किरण कुमारी, विक्की रानी, रंजना देवी, रंजना कुमारी, संध्या देवी, डीलर मो रफीक, मो कयूम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## विश्व मलेरिया दिवस आज कई कर्यक्रमों का होगा आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाहन करके मलेरिया जैसी बीमारी को रोका जा सकता है। मलेरिया की रोकथाम एवं उसके बचाव के लिए अपने आसपास पानी को जमा न होने दें। जमे हुए पानी में कीटनाशक, जला हुआ मो. बिल, किरासन तेल डाले। जिससे मच्छर प्रजनन न कर सकें। पानी की टंकी को ढक कर रखें। घरों के अंदर कीटनाशक का छिड़काव करें एवं मच्छ. रदानी का प्रयोग करें। यह बातें जिला यक्ष्मा पदाधिकारी सह जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो ने आज विश्व मलेरिया दिवस को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा 2030 तक मलेरिया का उन्नमुलन का लक्षय रखा गया है। राज्य सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाएगा ।इस वर्ष का थीम है टाइम टू डिलीवर जीरो मलेरिया, इन्वेस्ट, इंप्लीमेंट है। कहा कि विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मलेरिया से बचाव हेतु आम जन समुदाय को जागरूक को जागरूक किया जायेगा। इसके लिए जिला अंतर्गत सभी गांवों में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। जिला एवं प्रखंड स्तर पर जागरूकता हेतु प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। आम जनों के बीच बेहतर जागरूकता हेतु माईकिंग, शपथ ग्रहण इत्यादि कार्यक्रम कराया जायेगा।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## कोल्हुआकला पंचायत सचिवालय में मनाई गई राष्ट्रीय पंचायत दिवस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआक्ला पंचायत सचिवालय में सोमवार को मुखिया मंगलदेव यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन किया गया। जिसका संचालन रोजगार सेवक शिबू विश्वकर्मा ने किया। वहीं कार्यक्रम में लोगों को पंचायत स्तर पर चल रही योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही साथ कार्यक्रम को सम्बो. धित करते हुए मुखिया मंगलदेव यादव ने राष्ट्रीय पंचायती दिवस का उद्देश्य को बताते हुए कहा की भारत एक लोकतांत्रिक देश है और इस देश को सब केंद्र सरकार या राज्य सरकार ही पूरे तरीके से चलाने में सक्षम नहीं है। क्योंकि देश को हर स्तर पर चलाने के लिए व्यवस्था की जरूरत होती है। जिसको लेकर स्थानीय स्तर पर भी प्रशासन की व्यवस्था की गई है। जिसे हम पंचायती राज के नाम से जानते है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि रवि यादव, वार्ड सदस्य सीताराम यादव, सकलदेव पासवन, मीना देवी, जितेंद्र यादव, जेएसएलपीएस से कदमा देवी एवं जलसहिया ललिता देवी सहित दर्जनों अन्य महिलाएं मौजूद थे।

## झंडा मैदान अतिक्रमण रोकने को लेकर बैठक सम्पन नही बन पाया सहमति

**अपेम लाइव : बिरनी**



आज झंडा मैदान अखाड़ा समिति बरहमसिया मोड़ झांझ में अरारी पंचायत के पूर्व मुखिया श्री मुकुंद मुरारी की अध्यक्षता में एक बैठक आठ गाव क्रमशः (डबरी ,सिरमाटांड , मरकोडीह, टाटो, खरटी, झांझ ,बम्बरी ,बरहमसिया के अखाड़ा समितियों के प्रबुध्द व्यक्तियों के साथ बैठक रखी गई जिसका संचालन बरहमसिया पंचायत के मुखिया श्री बिशनदेव प्रसाद वर्मा ने किया। बताते चलें की झंडा मैदान झांझ बरहमसिया में कई दशकों से सात गावों क़ा रामनवमी पूजा में झंडा मिलन समारोह के साथ साथ अखाड़ा मेला हर्षोल्लास के साथ लगाते आ रहा हैं लेकिन कुछ लोगो के द्वारा लगातार यहा के मैदान को अतिक्रमण किया जा रहा हैं उसे रोकने को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा हैं लेकिन बात नही बन पा रही हैं ,यह जमीन खास रूप से गैर मजुरवा हैं और झांझ के कुछ लोग आपस में अपना कहकर लड़ाई कर अतिक्रमण कर रहें अपना अपना जमीन क़ा कागजात पेश कर रहें जबकी दोनो गुटों के बीच लड़ाई झगड़ा होने पर यह मामला सिविल कोर्ट में चल रहा हैं, जब की चौदह एकड़ बीस डिसमिल लगभग के मध्य चार एकड़ उन्चालीस डिसमिल झंडा मैदान अखाड़ा के नाम से दर्ज हैं जहा लगभग 50 से 60 वर्षो से झंडा मिलन समारोह सह अखाड़ा मेला लगते या रहा हैं लेकिन जब उस पर अखाड़ा समिति के लोग सीमांकन घेराबंदी करने पहुंचते हैं तो उक्त जमीन को अपना कहकर कुछ लोगो के द्वारा रोक लगा दिया जाता हैं और कई तरह के धमकियां दी जाती हैं। अब इस झंडा मैदान अतिक्रमण रोकने को लेकर झंडा मैदान अखाड़ा समिति के लोग पूरे जोर शोर से जनसंपर्क अभियान चलाएगा और सभी आठ गावों में लोगो को जागरूक कर इस पर हो रहें अतिक्रमण को रोकने क़ा काम करेगा। इस बैठक में मुख्य रूप से बरहमसिया पंचायत के मुखिया श्री बिसन्देव प्रसाद वर्मा ,अरारी मुखिया प्रति. निधि सुनील कुमार वर्मा ,बरहमसिया पंचायत समिति विजय राय ,झंडा मैदान अखाड़ा समिति के अध्यक्ष मनोज वर्मा ,सचिव टेकलाल वर्मा ,उप सचिव अजय कुमार साहू ,कोषाध्यक्ष निरंजन कुमार ,दशरथ वर्मा ,संदीप साव ,अजीत कुमार, सहदेव प्रसाद वर्मा ,जामवंत प्रसाद वर्मा ,वरुण कुमार शर्मा ,वासुदेव महतो नीरज कुमार राय ,महेंद्र विश्कर्मा , मनोहर साव ,मनोज साव ,राज कुमार साव ,शंकर कुमार सदानंद प्रसाद वर्मा हेमलाल प्रसाद वर्मा विजय प्रसाद वर्मा विनोद प्रसाद वर्मा आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## मनरेगा में 100 कार्य दिवस पूरा करने वाले दो मजदूरों को किया गया सम्मानित

### खोड़ाहार में पंचायती राज दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



मजदूर को सम्मानित करते बीडीओ

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर खोड़ाहर पंचायत भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुखिया अनीता देवी, बीडीओ सीआर इंदवारा एवं पूर्व मुखिय खिरोधर यादव मुख्य रूप से शामिल रहे। इस कार्यक्रम में पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि भी शामिल हुए। सभी को बुके के साथ स्वागत किया गया। मौके पर मनरेगा योजना के तहत 100 दिन का का कार्य दिवस पूरा करने वाले दो मजदूरों को श०ल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया । सम्मानित होने वालों में सुनीता कुजुर एवं शोभा लकड़ा शामिल है। इस अवसर पर मुखिया अनीता देवी ने कहा की खोड़ाहर पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए हमसब प्रयत्नशील रहे हैं । पंचायत के हर समस्या का समाधान हम लोग कर रहे हैं । पंचायती राज दिवस के अवसर पर सभी लोगों ने शपथ लिया की वे सब पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे। मौके पर मुखिया पति खिरोधर यादव, रोजगार सेवक रामचंद्र पासवान,वार्ड सदस्य श्रवण सिंह, गिरजा देवी, कैलाश यादव, महेश सिंह, प्रियंका देवी, सुनील कुमार, दीपक कुमार, नरेश यादव, हरिताब यादव, मन्नू यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में सोमवार को वीडियो क०न्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा की गई ।बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन ,भंडारण एवं परिवहन रोकने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों , थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का निर्देश दिया एवं अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई ।बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, प्रतिनिधियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों को उनके क्षेत्रों में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए किए जा रहे डोजरिंग सहित अन्य कार्यों से संबंधित प्रतिवेदन ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अवैध खनन रोकने के लिए पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों, एंट्री-एग्जिट प्वाइंट की म०निटरिंग करने के निर्देश दिया ।वहीँ जिला परिवहन पदाधिकारी को नियमित रूप से अवैध खनिजों के परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान चलाने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिक. ारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार, अंचल अधिकारी, कोल कंपनियों के अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी जुड़े थे।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## ग्राम बेंदुआरा में ध्वजारोहण के साथ 9 दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का हुआ आगाज

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : प्रखंड मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर चौपारण – चतरा रोड पर स्थित झापा पंचायत का ग्राम बेंदुआरा में 09 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ देवी सह भास्कर प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ दिनांक 22 अप्रैल 2023 को ध्वजारोहण के साथ हुआ। उक्त जानकारी ग्राम बेंदुआरा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मुकुंद साव ने देते हुए कहा कि ग्राम बेंदुआरा में ग्रामीणों के सहयोग से भव्य देवी मंडप और एक सूर्यमंदिर का निर्माण हुआ है,इन दोनो मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा होना है,यह महायज्ञ 07 मई से कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा। और 15 मई को पूर्णाहुति होगी, श्री साव ने बताया कि लगभग 25 वर्षो के बाद इस गांव में महायज्ञ हो रहा है जिससे ग्रामीणों में काफी उत्साह है, इस महायज्ञ में दूर दूर के विद्वान प्रवचन कर्ताओ का प्रवचन होगा,मनोरंजन के लिए कई तरह का खेल,मीना बाजार,विभिन्न प्रकार की बाहरी दुकानें,इत्यादि लग रही है,इस महायज्ञ को यह गांव सिर्फ यज्ञ के रूप में नही बल्कि एक महोत्सव के रूप में देख रहा है,इस भव्य आयोजन में पूरे ग्रामीण अति उत्साह के साथ सामूहिक रूप से लगे हुए है,इस अवसर पर कई महान हस्तियों का भी आगमन होगा।

## वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान कैम्प का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : आजादी का अमृत महोत्सव 2.0 के अंतर्गत महुआडांड़ के चौनपुर पंचायत सचिवालय में जेएसएलपीएस के माध्यम से वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान कैम्प आयोजन किया गया ।इस अवसर पर जेएसएलपीएस बीपीओ सुजीत कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के बीच डिजिटल लेनदेन संबंधी जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता की समझ बढ़ाना है ।कहा कि डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान के तहत मूलभुत बैंकिंग सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाने का लक्ष्य है तथा डिजिटल ग्रामीण भारत अंतर्गत डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देना है ।इस अभियान के द्वारा गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए बैंक सखी वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में बैंक और जेएसएलपीएस के सामूहिक प्रयास से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित दीदियों को वित्तीय समावेशन अंतर्गत विभिन्न मुद्दों पर जागरूक किया ।मौके पर प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर ,मुखिया,वार्ड, सीएलएफ के अध्यक्ष, सचिव,और कोषाध्यक्ष, लिली प्यारी कुजूर,अंगनि कुमारी, जैनब खातून,सुगन्ति देवी, सरस्वती कुमारी, ललिता देवी, रिजवाना खातून एवम सखी मंडल की दीदी उपस्थित रहे।




## प्रथम स्वाधीनता संग्राम के महानायक थे बाबू वीर कुंवर सिंह :अरुण चौधरी

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के बंदना सभागार में सोमवार को महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी व जयंती प्रमुख फूलचंद सिंह ने कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि कुंवर सिंह 1857 की क्रांति के महान योद्धा थे जिन्होंने 80 वर्ष की अवस्था में गुरील्ला युद्ध नीति व छापामार युद्ध से सैकड़ों बार अंग्रेजों को धूल चटाई ।वहीँ विद्यालय के भैया बहन गीत व भाषण के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया ।दसवीं कक्षा के भैया बसंत यादव ने बताया कि इनके सम्मान में वीर कुंवर सिंह के नाम पर बिहार में विश्वविद्यालय आरा, आरा छपरा पुल का नाम व पटना पार्क का नाम रखा गया है। वही आचार्य अभिषेक अनिल ने बताया कि अंग्रेजों की सोच बाबू वीर कुंवर सिंह के प्रति ऐसी थी कि ये बुढे राजपूत यदि जवान होते तो 1857 में ही अंग्रेजों को भारत छोड़ना पड़ता इस अवसर पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता भी कराई गई। जिसमें किशोर वर्ग में रिया कुमारी ,खुशी कुमारी और अंजली कुमारी प्रथम स्थान पर रहे एवं बाल वर्ग में कक्षा षष्ठ की बहन श्रेया कुमारी प्रथम स्थान प्राप्त किया। जयंती के अवसर पर भैया बहनों एवं आचार्य के बीच कृमि नाशक दवाइयां बाटी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य एवं दीदी का सहयोग रहा।

## पूंछ में हुए आतंकी हमला कायरता का परिचायक : डॉ बिमल किशोर

### आरएनवाईएम कॉलेज के एनसीसी कैडेट एवं कॉलेजकर्मियों ने दी शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देते एनसीसी कैडेट्स एवं कौलेजकर्मी

पिछले दिनों जम्मू कश्मीर के पूंछ में हुए आतंकवादी हमले में शहीद वीर जवानों को आरएनवाईएम क०लेज के एनसीसी कैडेट एवं कौलेजकर्मियों के द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। कॉलेज परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सभी एनसीसी कैडेट्स एवं क०लेजकर्मियो ने शहीद वीर जवानों के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ बिमल किशोर एवं संचालन एनसीसी पदा. धिकारी डॉ अजय कुमार रंजन ने की। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विमल किशोर ने इस आतंकी घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह घटना कायरता पूर्ण हैं एवं भविष्य में ऐसी घटना ना घटे । इसके लिए भारत सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। डॉ अजय कुमार रंजन ने कहा की हमारे वीर सैनिक डरने वाले नही है। इस आतंकी घटना की मुहतोड़ जवाब दिया जायेगा। मौके पर सभी एनसीसी कैडेट्स एवं क०लेज कर्मियों ने वीर गति प्राप्त दिवंगत वीर सैनिकों के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट की मौन रखकर ईश्वर से कामना की। मौके पर प्राचार्य डॉ विमल किशोर , डॉक्टर अरुणा रानी , डॉ संजय बरनवाल, डॉक्टर संगीता चौधरी ,डॉक्टर सरिता सिन्हा, डॉक्टर अंजली , डॉक्टर बीडी मोदी, प्रो हीरामन साहू, ड०क्टर अरुण कुमार रामानुज, डॉ कुमारी सुषमा , डॉ अशोक कुमार ,प्रो संजय बक्श, प्रो महेश यादव, एएनओ अजय कुमार रंजन, प्रो अब्बास आलम, सीमा सिन्हा , हेड क्लर्क दिनेश्वर प्रसाद यादव, आनंद , राजू , राज किशोर , सीनियर कैडेट विक्रम कुमार दास ,विकी कुमार , अमित कुमार , इरफान अंसारी, पिंटू कुमार, रीति कुमारी, अंजली कुमारी , पूनम कुमारी , काजल कुमारी, रानी कुमारी, रुबी कुमारी, महिमा कुमारी , मनीषा कुमारी आदि शामिल मौजूद रहे।



दिनांक: 24-04-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## खरवार आदिवासी एकता संघ के मनिका प्रखंड अध्यक्ष बने रमेश सिंह

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : खरवार आदिवासी एकता संघ के मनिका प्रखंड अध्यक्ष रमेश सिंह उर्फ सहायक सिंह को बनाया गया है।जबकि उपाध्यक्ष मुन्नी देवी, सुरेश सिंह, मंजू देवी, कमेश सिंह और जवाहर सिंह को चुना गया।इसके अलावा दरोगा सिंह को सचिव और दिलीप सिंह को उप सचिव बनाया गया।इससे पहले जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सिंजो पंचायत सचिवालय में खरवार आदिवासी एकता संघ की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ,भरत सिंह अखिलेश सिंह, मुनेश्वर सिंह, अनिल सिंह, कामेश सिंह, नरेश सिंह, राजेश्वर सिंह व विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

## कान्हाचट्टी बाईपास सड़क में सड़क में बनाया जा रहा मकान

### अतिक्रमण से दुर्घटना को दे रहा है निमंत्रण

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




कान्हाचट्टी बाजार में आए दिन जाम से निजात के लिए सरकार कान्हाचट्टी में कुछ दूर तक भले ही बाईपास सड़क बना दी लेकिन बाईपास सड़क में भी जमकर अतिक्रमण किया जा रहा है । बाईपास सड़क रुदुवा नदी पुल के समीप बनाए जा रहे मकान सड़क में भी बना दिया है।जिसको देखने वाला कोई नहीं है।ग्रामीणों ने बताया कि जिस तरह से सड़क में चढ़ कर मकान बना दिया जा रहा है उससे दुर्गघटना की स्थिति प्रबल हो जा रहा है।जो मकान विजय गुप्ता के द्वारा बनाया जा रहा मकान सड़क में लगभग आठ से दस फिट चढ़कर बना रहा है।यदि समय रहते इस अतिक्रमण को हटाया नहीं गया तो आए दिन सड़क दुर्घटना होते रहेगा।बताते चलें की इससे पहले भी कान्हाचट्टी में सड़क में अतिक्रमण था जिसे अंचल अधिकारी द्वारा अतिक्रमण में बुलडोजर चलवाकर अतिक्रमण हटाया था।ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी से ऊक्त सड़क से अतिक्रमण हटाने की मांग किया है।

## बड़कागांव काली मंदिर के पास नाली निर्माण कराने की जरूरत ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड के मंदिरों में विशिष्ट स्थान प्राप्त बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित काली मंदिर प्रांगण की हालत बद से बदतर हो गई है घरों से निकलने वाले मल मूत्र गंदा पानी जमा हो जा रहा है। मंदिर ही नहीं बल्कि बगल में बाबा साहब अंबेडकर की स्टेचू भी लगी हुई है। स्थानीय प्रबुद्ध गणमान्य ग्रामीणों के द्वारा नाली निर्माण करवाने की मांग वर्षो से की जा रही है परंतु नाली निर्माण अब तक नहीं हो पाया है। जिसके कारण मंदिर प्रांगण में ही गंदा पानी जमा हो जा रहा है। कई बार आवागमन कर रहे वाहनों के कारण लोगों के कपड़े में गंदे पानी के छींटे पड़ जा रहे हैं जिसके कारण आपस में तु तू मैं मैं की भी नौबत देखी जा रही है। जनप्रतिनिधियों को इस और विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि जल्द से जल्द नाली का निर्माण किया जा सके। नाली निर्माण नहीं होने के कारण मंदिर प्रांगण ही नहीं बल्कि बड़कागांव किसान मेडिकल हॉल के समीप बस स्टैंड के पास रोड कीचड़ में तब्दील हो गया है जिसके कारण कई लोगों को मजबूरन दुकानें बंद रखने पड़ रहे हैं ।और राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि जल्द से जल्द समस्या का समाधान हो सके।




## प्रशिक्षण सह बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट में शामिल हुए बड़कागांव के कराटेकार

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : शोतोकान कराटे-डू फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में रविवार को अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण सह बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में बड़कागांव, सयाल, पतरातु और भुरकुंडा क्षेत्र से ८० कराटेकारों ने अपनी क्षमता के अनुसार विभिन्न कलर बेल्ट्स हासिल किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने दीप प्रज्वलित कर किया। कराटे सेमिनार के पहले चरण में सेल्फडिफेंस के नए दांव, अपने शरीर के अन्दरुनी ताकत को एकाग्रता से अच्छे कामों में उपयोग और दुसरे चरण में बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन हुआ। यह ग्रेडेशन टेस्ट एसकेएफआई के मुख्य प्रशिक्षक सह मुख्य टेक्निकल डायरेक्टर हान्शी मानस सिन्हा और क्योशी नरेन्द्र सिन्हा के द्वारा लिया गया। बड़कागांव डोजो से कलर बेल्ट हासिल करने वालों में ब्राउन बेल्ट सेकंड क्यु अंजली कुमारी, ब्राउन बेल्ट थर्ड क्यु कृतिका पटेल व रिया कुमारी, ग्रीन बेल्ट सिखा कुमारी व सुरभी कुमारी और येलो बेल्ट में राधिका पटेल आदि शामिल थे। सभी कराटेकार को अग्रसेन स्कूल के प्राचार्य विवेक कुमार, अरविन्द दुबे और हान्शी मानस सिन्हा द्वारा मेडल देकर बेस्ट कराटेकार की उपाधि से बड़कागांव के कृतिका पटेल और रिया कुमारी को सम्मानित कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए नवाजा गया। मौके पर विवेक कुमार ने बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शरीर से स्वस्थ और मानसिक रूप से तंदरुस्ती के लिए कराटे और योग बेहद जरूरी है। सेमिनार का धन्यवाद ज्ञापन राशि सिन्हा ने किया और इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ कराटे प्रशिक्षक सेंसेई प्रदीप हंसदा, जोगेन्द्र गंझू, मार्सेल टुडू, नंदू साव, राशि सिन्हा, विजय सिंह, कुलेश्वर कुमार, लीला कुमारी इत्यादि ने बहुमुल्य योगदान दिया।

## सरस्वती शिशु निकेतन मंडरखा में बच्चों को दिए गए खसरा-रूबेला का टीका

**अपेम लाइव : बिरनी**



बिरनी प्रखंड के मनकडीहा पंचायत के सरस्वती शिशु निकेतन मंडरखा में सोमवार को बच्चों के बीच खसरा एवं रूबेला का टीका दिया गया।स्कूल के प्रधानाध्यापक पवन कुमार वर्मा के देख रेख में बच्चों को टीकाकरण दिया गया स शिक्षक भवानी वर्मा ने बताया कि आज के टीकाकरण अभियान में 150 से 200 बच्चों का टीकाकरण किया गया।. उन्होंने बताया कि यह अभियान 5 सप्ताह तक चलाकर सभी बच्चों का टीकाकरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है द्य इसको लेकर उन्होंने जनप्रतिनिधि समेत शिक्षकों को भी जागरूक बनकर इस अभियान की सफलता को लेकर शत प्रतिशत बच्चों को टीकाकरण करवाने में अहम भूमिका देने की जरूरत है द्य सहयोग करने वालों में स्कूल के डायरेक्टर उमेश वर्मा, शिक्षक बबलू, कमलेश राणा, भवानी, आनन्द वर्मा, गौरीशंकर वर्मा, पिंटू कुमार , अनिल वर्मा, आनंद कुमार , अनिल कुमार , शकुंतला , भागीरथ कुमार , मो. निका और रेखा का सहयोग सराहनीय रहा। प्रधानाध्यापक पवन वर्मा ने धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम भारतीय लोगों के लिए बहुत ही आवश्यक है । जो इस तरह के कार्यक्रम को डब्ल्यूएचओ ने अपना कर स्वास्थ्य के क्षेत्र में सराहनीय भूमिका निभाई है!

## नेतरहाट आवासीय विद्यालय में पंचायती राज दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : झारखंड के प्रतिष्ठित नेतरहाट आवासीय विद्यालय में सोमवार को विद्यालय प्रेक्षागृह में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से पंचायती राज दिवस मनाया गया. कार्यक्रम में स्वागत भाषण विद्यालय के रा. जनीति विज्ञान शिक्षक मुकेश कुमार ने दिया. उन्होंने अपने भाषण में पंचायती राज के महत्व पर प्रकाश डाला. साथ संविधान के विकास के साथ पंचायत के विकास पर विस्तृत चर्चा की .इंटर कला के छात्र आर्यन कुमार ने पीपीटी के माध्यम से संविधान में महत्वपूर्ण वाद पर प्रकाश डाला वही इंटर कला के छात्र बिनीत उराव ने स्थानीय स्वशासन पर अपने विचार रखे. मंच संचालन सम्मेलन प्रभारी छात्र ने की.उन्होंने पंचायती राज के दिन की विशेषता बतलाई. भारत की आत्मा गाँव में बस्ती है. गाँव के विकास से ही भारत का विकास हो सकता हैं. भूगोल विभाग के अध्यक्ष विधु शेखर देव ने शासन के विकेंद्रित स्वरुप की चर्चा की और नेतरहाट पंचायत के विकास के बारे में बतलाया. अंत में प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान ने पंचायती राज तथा भारत सरकार के कार्यक्रम की विशेष चर्चा की. धन्यवाद ज्ञापन इंटर कला के छात्र केशव कुमार ने किया.

APEM LIVE NEWS सच का साथी

# ब्रह्म विद्या विहंगम ने किया सप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही हजारीबाग रोड में स्थित शकुंतला पैलेस में ब्रह्म विद्या विहंगम द्वारा सत्संग प्रभारी कृष्णा गुप्ता के अध्यक्षता में साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां कार ध्वनि सामूहिक, स्वागत गान एवं मंगलगान चंद्र मोहन मिश्रा, माल्यार्पण सामूहिक, ज्ञान गुदड़ी पाठ कृष्णा कुमार गुप्ता, उद्घोष चंद्र मोहन मिश्रा, स्वर्वेद विशाल कुमार गुप्ता, भजन कैलाश केशरी एवं समुंद्री देवी, प्रवचन चंद्र मोहन मिश्रा, वंदना सामूहिक, आरती सामूहिक एवं शांतिपाठ सामूहिक रूप से किया गया। तत्पश्चात सत्संग प्रभारी कृष्णा गुप्ता ने सत्संग में शामिल हुए देवधारी प्रजापति को महान सद ग्रंथ स्वर्वेद प्रदान किया और उनकी विशेषता को बताया। मौके पर सत्संग में प्रमोद प्रसाद गुप्ता, चंद्र मोहन मिश्रा, विशाल अग्रवाल, उपेंद्र पांडेय, रजदेव सिंह, देवधारी प्रजापति, समुंद्री देवी, पूनम कुमारी, कैलाश प्रसाद केशरी, किशोर उर्फ सत्येंद्र सिंह, राजू राम एवं रामचंद्र राम मुख्य रूप से मौजूद थे।

# समस्त विद्यार्थियों का एक ही आवाज नाय चलतो सरकार के बकवास : छात्र कुंदन पासवान





**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**

कोडरमा चंदवारा प्रखंड अंतर्गत झारखंड कोडरमा स्टूडेंट यूनियन के बैनर तले चंदवारा के विद्यार्थियों ने झारखंड सरकार के 60/40 नियोजन नीति के विरोध में आक्रोश रैली निकाला गया रैली का शुरुआत शिव मंदिर गली होते हुए रांची पटना मुख्य मार्ग स्थित बजरंगबली चौक से पुराना थाना तक निकाला गया जिसमें युवाओं ने जमकर सरकार के खिलाफ हल्ला बोला छात्राओं ने कहां की है नियोजन नीति यहां के खिलाफ है तथा झारखंडी युवाओं के भविष्य से सरकार खिलवाड़ कर रही है छात्रों ने कहा कि अदि नियोजन नीति लागू नहीं करती है तो आने वाले दिनों में बड़े स्तर पर इसका विरोध किया जाएगा तथा चुनाव में सबक सिखाया जाएगा रैली में नियोजन नीति लागू करो ,हेमंत हेमंत सोरेन हाय हाय, झारखंड सरकार होश में आओ, 60/40/ नाय चलतो 1932 खतियान लागू करो आंदोलन का नेतृत्व कर रहे छात्र नेता कुंदन पासवान ने कहा कि 90/10 लागू कर स्थानीय नियोजन को बनाना चाहिए और स्थानीय युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार देना चाहिए ताकि सरकार के प्रति लोगों में विश्वास की भावना बना रहे इस रैली में विरेंद्र कुमार साव, सुनील कुमार, रोशन कुमार, राकेश बबलू पंडित, सुनील कुमार, भगत पासवान, संदीप कुमार ,नीरज कुमार ,नंदू कुमार शर्मा ,रोशन राणा ,अजय कुमार दास, किशोर यादव, मुख्य रूप से इस रैली का नेतृत्व कर रहे थे तथा सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

# सिकरी में मंडा पूजा को लेकर बैठक, प्रभु अध्यक्ष, संतोष सचिव एवं अशोक कोषाध्यक्ष बने

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**





बड़कागांव : सिकरी पंचायत में मंडा पूजा, बरहेत पूजा एवं वीर पूजा को लेकर आम ग्रामीणों की एक बैठक सिकरी के शिव मंदिर सिकरी के प्रांगण की गई जिसकी अध्यक्षता सीकरी पंचायत के मुखिया प्रभु महतो ने की। बैठक में मंडा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया साथ ही साथ बरहेत पूजा एवं वीर पूजा भी संपन्न कराने के लिए एक कमेटी का विस्तार किया गया जिसमे अध्यक्ष प्रभु महतो (मुखिया), उपाध्यक्ष अरुण कुमार महतो, सहादेव राम एवं नारायण महतो, सचिव संतोष कुमार महतो, उपसचिव संजय महतो, तुलसी राणा एवं बढ़न साव, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष पृथ्वीराज गुप्ता, मनोरंजन मंत्री युगेश्वर महतो एवं रो. हित कुमार गुप्ता, संयोजक स्वरूप नारायण सिंह एवं राम प्रसाद महतो, उप संयोजक, धनेश्वर राम एवं भोला महतो,पूजा प्रभारी फूलचंद गिरि एवं रोहित कुमार गुप्ता संगठन मंत्री, तालेश्वर कुमार महतो, कामेश्वर महतो, दौलत महतो, बबलू महतो, सुधीर कुमार महतो, अरुण राणा एवं दिलीप कुमार, संरक्षक सह निगरानी सदस्य' कृ ष्णा सिंह, सत्येंद्र पासवान, महावीर साव, जय नारायण सिंह, लालदेव राना, अवधेश साव, फूलचंद गिरी, उपेंद्र बैठा, रमेश महतो, बंसी राम, चंद्रनाथ महतो, बसंत नारायण सिंह, बलदेव राम, मणि महतो, कोमल महतो, तालेश्वर महतो एवं भोला कुमार गुप्ता, मीडिया प्रभारी अशोक कुमार शर्मा, हरीशचंद्र प्रसाद एवं अरुण कुमार गुप्ता, विधि व्यवस्था हेतु, लालदेव राणा, प्रभु राणा, चेतलाल राणा एवं शंभू राणा का चयन किया गया। पूजा समिति केअध्यक्ष द्वारा पूजा समिति के पदाधिकारी, सदस्यों के साथ ही गांव के प्रबुद्ध जनों एवं आम नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा की गई। पूजा समिति के अध्यक्ष ने कहा कि पूजा के सफल संचालन हेतु समिति के सभी पदा. धिकारी, सदस्यों एवं कार्यकारी सदस्यों के साथ-साथ गांव के आम ग्रामीण जानता से सहयोग की अपेक्षा है। साथ हीं पूर्ण विश्वास भी है कि इस पूजा में संपूर्ण ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग मिलेगा। मौके पर सहदेव राम, कन्हाई साव, महावीर साव, जय नारायण सिंह, बुधन महतो, जीवलाल महतो, अमर महतो, शशी कुमार महतो,रिन्कु गुप्ता, संजय कुमार महतो, पंकज कुमार गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता, कौलेश्वर ठाकुर, उपेंद्र बैठा, सरयु भुईयाँ, घनु भुईयाँ, त्रिवेणी महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE

# बीएम मेमोरियल स्कूल बड़कागांव में चिकित्सा प्रभारी ने कृमि रोग के बारे में बच्चों को दी जानकारी





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव। कृमि मुक्ति दिवस पखवाड़ा सप्ताह के अवसर पर बड़कागांव प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में कृ मि निरोधक दवा अल्बेंडा. जोल खिलाया जा रहा है। इस अवसर पर सोमवार को बड़कागांव अंग्रेजी माध्यम से संचालित विद्यालय बीएम मेमोरियल स्कूल में एक सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के उपनिदेशक दिनकर कुशवाहा व संचालन शिक्षक उमेश कुमार ने किया। सभा के मुख्य अतिथि बड़कागांव चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर बीएन प्रसाद उपस्थित हुए। मौके पर डॉ बीएन प्रसाद ने स्कूल में बच्चों को कृमि रोग कैसे होता है और उससे कैसे बचा जाता है उसके बारे में बच्चों को जानकारी दिए। मौके पर चिकित्सा प्रभारी श्री प्रसाद ने विद्यालय के छात्र- छात्राओं को कहा कि सरकार द्वारा समय-समय पर कई तरह का लोगों को दवा खिलाने का अभियान चलाती है। इस बार 1 से 19 वर्ष के लोगों के बीच कृमि निरोधक दवा अल्बेंडा. जोल खिलाने का कार्यक्रम की जा रही है। बच्चों से अपील करते हुए चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि सभी लोगों को यह दवा खाना अनिवार्य है। आप स्वयं खाएं और अपने आसपास के दोस्तों को भी दवा खाने में प्रेरित करें। बच्चों से अपील करते हुए उन्होंने आगे कहा कि आपके माता- पिता के लिए भी समय-समय पर फलेरिया की दवा खाने के लिए वितरण किया जाता है। इसलिए अपने माता-पिता अभिभावकों को भी दवा खाने के लिए प्रेरित करते रहे। प्रभारी ने आगे कहा कि बड़कागांव प्रखंड के सरकारी एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में तो पूरे दिलचस्पी के साथ बच्चों को दवा खिलाने के लिए जागरूक दिखें लेकिन प्रखंड के निजी विद्यालय इस अभियान में शिथिलता बरत रहे। इसलिए आज से हमने निजी विद्यालयों में भी अभियान चलाकर से मुक्ति दिलाने के लिए जागरूकता अभियान चला रहे हैं। आगे उन्होंने सभी निजी विद्यालयों से कहा कि वे भी उआगे आकर अपने विद्यालय के बच्चे को कृमि निरोधक दवा खिलाए और अपने बच्चों को रोग मुक्त बनाएं। आगे उन्होंने कहा कि आप सभी के लिए अस्पताल परिवार दवा देने के साथ साथ सभी प्रकार का सेवा के लिए हमेशा लिए तैयार है। मौके पर मुख्य रूप से स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी नवीन कुमार विद्यालय उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा,प्राचार्य कैलाश कुमार, उप प्राचार्य पूनम कुमारी, वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान, उमेश कुमार , अमीन अंसारी, आनंद राज एरिका टोपा महेंद्र कुमार विनोद रजक आशीष कुमार, संदीप शर्मा, दिलेश्वर दास, मुकेश दास, सोनू कुमार,सरिता बा, देवंती देवी, जेमा तिग्गा, मनीषा कुमारी, अफसाना परवीन, स्नेहा कुमारी, सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में पशु पालन विभाग के द्वारा शिविर का आयोजन किया गया पशुपालकों के बीच दवा का वितरण किया गया





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित संचालित कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ( पशुपालन प्रभाग) के द्वारा विशेष प्रजनन शक्ति शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड पशु चिकित्सक डॉक्टर लाइम गोसाई सिंह ने किया । जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख फुलवा देवी एवं विशिष्ट अतिथि बड़कागांव पूर्वी पंचायत के मुखिया विमला देवी के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में लगभग 200 पशुपालकों ने भाग लिया तथा दवा का वितरण किया गया। जिसमें ग्रोवेड विटामिन, मिनिरल मिक्सचर , हिमेक्स मलहम, एडमक्स विटामिन , बींकेलीव टॉनिक एवं कृमि नाशक दवा का वितरण किया गया। शिविर में पशु पालकों को बताया गया कि जोक की दवा बड़ी गाय को अधिकतम दो गोली तथा बकरी को एक गोली दिया जा सकता है वही गाय में प्रजनन शक्ति को बढ़ाने के लिए 50 एमएल प्रतिदिन कैल्शियम की दवा देना है। वही डायरिया की दवा बड़ा जानवर को 2- 2 टेबलेट सुबह शाम एवं छोटे जानवर को एक-एक टे. बलेट देना जरूरी है। वही शिविर में कृत्रिम गर्भाधान पर विशेष चर्चा की गई एवं निर्धारित समय पर गाय को गर्भाधान कराने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में शामिल लोगों में मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइया, पूर्व पंसस अली रजा, अरविंद महतो, वार्ड सदस्य भोला कुमार, पंचम सिंह ,संदीप सिंह, नरसिंह प्रसाद, बालेश्वर करमाली, शशि भूषण, आशीष कुमार ,भुनेश्वर महतो , रंजीत कुमार भारती, उदय कुमार, दिलीप दांगी, पुनीता कुमारी ,यासमीन परवीन, राजकुमार प्रसाद, रोहन साव, अंतू महतो के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

# दो वर्षो से बिमार बिरोहर की मौत,मुखिया ने किया आर्थिक सहयोग

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : प्रखण्ड के पंचायत चोरदाहा के अंतर्गत ग्राम ढोढिया के टोला जमुनिया तरी के शंकर बिरहोर उम्र लगभग 50 वर्ष की मौत बीती रात हो गया। वे पिछले दो वर्षो से एक गम्भीर बिमारी से ग्रसित थे। बीते रविवार की रात उनकी मृत्यु अचानक हो गई। यह खबर सुनकर पंचायत चोरदाहा की मुखिया अर्चना हेमरोम और मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार यादव पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। और उनके परिजनों को हिम्मत दी। इस मौके पर चोरदाहा पंचायत की मुखिया अर्चना हेमरोम ने मृतक की पत्नी को 2000/- रु की आर्थिक सहयोग कर परिवार को आगे भी मदद का भरोसा दिया। वहीं उन्होंने सरकार द्वारा पारिवारिक लाभ 20000/- रु दिलाने का आश्वासन भी दी। मुखिया अर्चना हेमरोम ने कही की पंचायत के कई गांव आज भी कई बुनयादी सुविधाओं से वंचित हैं। इन गांवों तक विकास की नई लकीर खींचने के लिए प्रयासरत हूँ।